देश की आवाज

# हमारा स्वराज

भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित

www.hamaraswaraj.in | twitter.com/hamaraswaraj | facebook.com/hamaraswaraj | इंदौर, शनिवार, 18 जनवरी 2025 | वर्ष: 10 | अंक: 24 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 2 रुपए

## अमित शाह ने की मप्र में ई-समन प्रणाली की तारीफ



**हमारा स्वराज। नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के कार्यालय में मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित प्रावधानों के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री शाह ने प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ई-समन प्रणाली लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। इस नई व्यवस्था के लिए केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने प्रदेश की सराहना की और अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी दो वर्षों में पुलिस बल में फॉरेंसिक साइंस के विशेषज्ञों की भर्ती और ट्रेनिंग का काम चरणबद्ध रूप से पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

### इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य से हो रहा निराकरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नए कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत आधुनिक संसाधनों के प्रयोग से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इसके द्वारा न्याय प्रक्रिया आसान हुई है, पुलिस का समय बच रहा है और चिकित्सकों की असुविधा कम हुई है। एक ओर जहां जेल से बंदियों को लाने-ले-जाने में पुलिस बल की असुविधा कम हो रही है, वहीं दूसरी ओर जनता को कम समय में न्याय मिल रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह को बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिमाह और मुख्य सचिव प्रत्येक 15 दिन में नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन और पुलिस महनिदेशक कैलाश मकवाना सहित राज्य और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।**



### धोखाधड़ी वाले फोन कॉल पर लगाम

## दूरसंचार विभाग ने किया 'संचार साथी' ऐप लॉन्च



**हमारा स्वराज। नई दिल्ली**

दूरसंचार विभाग ने 'संचार साथी' मोबाइल ऐप पेश की। इससे लोगों को अपने मोबाइल फोन 'कॉल लॉग' से धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना आसान हो जाएगा। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसके साथ दूरसंचार विभाग की दो अन्य पहलों राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 के लिए दृष्टिकोण तथा 'डिजिटल भारत निधि' से वित्तपोषित 4जी मोबाइल साइट पर 'इंट्रा सर्किल रोमिंग' की भी शुरुआत की दूरसंचार विभाग का 2023 में पेश किया गया 'संचार साथी' मंच धोखाधड़ी वाली फोन कॉल के खिलाफ कार्रवाई में एक प्रभावी तंत्र साबित हुआ है। नया ऐप ग्राहकों के लिए सुरक्षित परिवेश सुनिश्चित कर इन प्रयासों को दोगुना कर देगा। ऐप पेश करते हुए सिंधिया ने कहा कि 'संचार साथी' पहल '' एक सुरक्षित परिवेश प्रदान करती है जहां प्रत्येक ग्राहक की गोपनीयता तथा सुरक्षा सुरक्षित रहती है।

### विधानसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसले

# दिल्ली में फिलहाल लागू नहीं की जाएगी आयुष्मान योजना

**हमारा स्वराज। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें आम आदमी पार्टी सरकार को आयुष्मान भारत मिशन लागू करने के लिए 5 जनवरी तक केंद्र के साथ MoU साइन करने कहा गया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

24 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के लोगों को सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए योजना को पूरी तरह से लागू करना होगा। दिल्ली सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। दिल्ली सरकार राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू करने को लेकर केंद्र के साथ टकराव में रहा है। केंद्र सरकार इसे 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू कर चुकी है। फैसले के बाद दिल्ली के पूर्व CM अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना देश का सबसे बड़ा घोटाला है।



### याचिका में दावा: दिल्ली में पहले से 529 मोहल्ला क्लीनिक, हाईकोर्ट ने किया नजरअंदाज

दिल्ली सरकार की तरफ से अधिवक्ता तल्हा अब्दुल रहमान ने याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि आयुष्मान योजना देश के उन क्षेत्रों के लिए ठीक है जहां सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। दिल्ली में पहले से 529 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं। याचिका में दावा किया गया कि दिल्ली सरकार ने पहले ही मोहल्ला क्लीनिक, क्रिटिकल केयर सेवाओं (ICU बेड) और डायग्नोस्टिक सेवाओं को बढ़ाने के लिए आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाले फंड का उपयोग करने पर सहमति दे दी है। हाईकोर्ट ने इस बात को भी नजरअंदाज किया है।

### उत्तरप्रदेश और हरियाणा NCR में पटाखे बैन करे

**सुप्रीम** कोर्ट ने 40 साल पुरानी याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और हरियाणा को NCR इलाकों में पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। इससे पहले दिल्ली और राजस्थान NCR में पटाखों पर स्थायी और पूर्ण प्रतिबंध लगा चुके हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस एएस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच कर रही थी। हालांकि, कोर्ट ने पिछली सुनवाई में ही दोनों राज्यों को NCR इलाकों में पटाखे बैन करने का आदेश दिया था। UP सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल गरिमा प्रसाद ने बताया कि राज्य ने 17 जनवरी तक सभी प्रकार के पटाखों पर बैन लगाकर कोर्ट के आदेश का पालन किया है। पटाखे बैन करने का कोर्ट का निर्देश मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च तक लागू रहेगा।

### शार्ट न्यूज

### उन्नाव रेप के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को लगा झटका



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में चिकित्सा आधार पर निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई अंतरिम जमानत बढ़ाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने राहत को और बढ़ाने की मांग करने वाली सेंगर की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया और मामले को 27 जनवरी को दूसरी पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे फारूक अब्दुल्ला



**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला बाल-बाल बच गए जब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर यात्रा के दौरान काफिले का एक वाहन राजस्थान के दौसा जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना तब हुई जब अब्दुल्ला सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर मत्था टेकने के लिए अजमेर जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि वह घटना में सुरक्षित बच गया और अजमेर की ओर अपनी यात्रा जारी रखी। जो सुरक्षा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह फारूक अब्दुल्ला के काफिले की एस्कॉर्ट कार थी।

### दिल्ली के लिए बीजेपी ने खोला वादों का पिटारा

### महिलाओं को ₹2500 प्रतिमाह, LPG सिलेंडर पर 500 की सब्सिडी



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र भाग - I लॉन्च किया। जेपी नड्डा ने कहा कि आज जो बिंदु मैं रखने वाला हूं, ये विकसित दिल्ली का आधार रखने वाले हैं। दिल्ली को किस तरह से आगे बढ़ाया जाए, उन बिंदुओं पर आज हम चर्चा करेंगे। मेनिफेस्टो पहले भी आते थे, लेकिन आप भी भूल जाते थे और राजनीतिक पार्टियां भी भूल जाती थी कि उन्होंने क्या कहा था। लेकिन ये राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन है कि आज मेनिफेस्टो 'संकल्प पत्र' में परिवर्तित हो गया है। संकल्प से सिद्धि की ओर जाने का मंत्र भी हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिया है। महिलाओं को हर महीने 2500 प्रतिमाह देने का भी वादा बीजेपी ने अपने मेनिफेस्टो में किया है। इसके साथ ही एलपीजी सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं होली और दीवाली पर एक एक सिलेंडर मुफ्त में दिए जाएंगे। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज होगा टीम का एलान, रोहित ही रहेंगे कैप्टन



**एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान शनिवार यानी 18 जनवरी को मुंबई में होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की मौजूदगी में भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी। 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित होगी जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा। मालूम हो कि भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल का फॉर्मूला अपनाया था।

### संघर्ष विराम को इस्राइल की मंजूरी सुरक्षा कैबिनेट से प्रस्ताव पर मुहर



**एजेंसी।** गाजा में 15 महीनों से जारी संघर्ष पर विराम लगना लगभग तय हो गया है। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें तहत गाजा में संघर्ष विराम व बंधकों की रिहाई का प्रावधान रखा गया है। अब इस प्रस्ताव को पूर्ण कैबिनेट में रखा जाएगा। मंजूरी के बाद संघर्ष विराम रविवार को लागू हो सकता है। इसके बाद हमास बंधकों को रिहा कर सकता है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इससे पहले खुद यह जानकारी साझा की थी कि छह हफ्ते के गाजा संघर्ष विराम समझौते पर सहमति बन चुकी है।

### ईडी ने सीएम सिद्दारमैया और अन्य की 140 से ज्यादा संपत्ति कीं सीज



**एजेंसी।** ED ने मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी जमीन घोटाला केस में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, अन्य की 300 करोड़ की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। यह जानकारी ED ने दी। जांच एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग केस में की गई है। इसके तहत इन लोगों की 142 प्रॉपर्टियां सीज की गई हैं। ED के जारी बयान में कहा, 'जब्त की गई संपत्तियां अलग-अलग लोगों के नाम पर रजिस्टर्ड हैं। ये लोग रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के तौर पर रूप में काम कर रहे हैं।'

# सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में लगा तिल और गुड़ के व्यंजनों का भोग



**हमारा स्वराज | अमृत बैंडवाल**

**उज्जैन**। माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर शुक्रवार को गणेशजी की आराधना कर चतुर्थी का व्रत सौभाग्य और संतान की लंबी उम्र की कामना से किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, प्रसिद्ध श्री चिंतामन गणेश मंदिर, बड़ा गणेश मंदिर के साथ ही शहर के अन्य गणपति मंदिरों में भी अभिषेक पूजन, अनुष्ठान, आरती व महाप्रसादी के आयोजन किए गए है। इस दौरान महाकाल मंदिर स्थित सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पर तिल और गुड़ के व्यंजनों का 56 भोग लगाया गया और महा आरती की गई

वैसे तो साल में 12 संकष्टी चतुर्थी आती है, इनमें माघ मास की संकष्टी चतुर्थी को विशेष माना जाता है। इस दिन भगवान को गुड़ व तिल्ली का तिलकुट्टा चढ़ाने का विशेष महत्व है। शहर के प्रसिद्ध श्री गणेश मंदिरों में चतुर्थी पर आकर्षक साज-सज्जा की गई है। वहीं भगवान का अभिषेक-पूजन कर श्रृंगार किया गया। चतुर्थी पर भगवान गणेश के दर्शन मात्र से ही सारे कार्य सम्पन्न हो जाते है। यही कारण है कि श्री गणेश मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही। श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्थित श्री सिद्धीविनायक गणेश मंदिर में शुक्रवार को आकर्षक साज-सज्जा की गई । मंदिर पुजारी दिलीप उपाध्याय चम्मु गुरू ने बताया कि सुबह भगवान श्री गणेश का अभिषेक पूजन के बाद श्रृंगार कर भगवान गणेश को तिल के पकवानों का भोग अर्पित कर दोपहर में भगवान गणेश का पूजन कर महाआरती हुई । संकट चतुर्थी पर महिलाएं अपने परिवार और बच्चों की सुख समृद्धि के लिए व्रत रखती है। इस दिन 108 बार ओम गन गणपतए नमः का उच्चारण करने से सभी बढ़ाएं दूर होती है सुख समृद्धि बनी रहती है। सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पर भी भगवान महाकाल के दर्शन के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री गणेश का दर्शन लाभ लिया । सुबह से ही भगवान गणेश के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगईहुई थी। दोपहर में श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनीत गिरी महाराज, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, मंदिर समिति सदस्य प्रदीप गुरु ने भी भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन किया।

## तेज ठंडी हवाओं से फिर कंपकंपाया इंदौर

### तापमान में शुक्रवार को 1 डिग्री की गिरावट दिन का तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस



**हमारा स्वराज | इंदौर**

शुक्रवार का दिन इंदौर में काफी ठंडा रहा। तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई और 21.2 (-5) डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रात में भी तेज ठंड रही। शहर में 24 घंटों में मौसम में बदलाव देखा गया। शाम होते ही लोग घरों में दुबक गए। गुरुवार दोपहर 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली सर्द हवाओं ने पूरे शहर को ठिठुरा दिया। इसके बाद ठंडक बढ़ गई। दिन का तापमान 5 डिग्री गिरकर 22.6 डिग्री सेल्सियस (-4) पर पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह स्थिति कोल्ड डे जैसी है। आने वाले दिनों में ठंड का असर और तेज होने की संभावना है। दो दिनों से दिन के तापमान में लगातार इजाफा हो रहा था, जिससे काफी राहत थी। इसके साथ ही रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई थी। इसके बाद गुरुवार दोपहर से मौसम का मिजाज ही बदल गया। लोगों को उम्मीद थी कि अभी सर्दी कम रहेगी, लेकिन सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित होने लगा। देर शाम सड़कों पर आवाजाही कम हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, 18 जनवरी से एक और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) सक्रिय होगा, जो पश्चिमी हिमालय को प्रभावित करेगा। इसके बाद बर्फीली हवाओं की रफ्तार तेज हो जाएगी, जिससे पूरा प्रदेश ठिठुरन की चपेट में आ जाएगा। फिलहाल, पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश के उत्तरी हिस्से में देखा जा रहा है। इस प्रणाली के गुजरने के बाद शनिवार से ठंड के और अधिक असरदार होने की संभावना है।

### एबी रोड पर राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के आईपीएस कॉलेज के पास की घटना

## चलती ऑटो रिक्शा में साइलेंट अटैक से चालक की थमी जिंदगी



**हमारा स्वराज | इंदौर**

एबी रोड पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई, जब एक ऑटो ड्राइवर को चलती गाड़ी में साइलेंट अटैक आ गया। 41 वर्षीय ऑटो चालक गणेश सोलंकी, जो न्यू दुर्गानगर बाणगंगा के निवासी थे, अपनी ऑटो रिक्शा लेकर जा रहे थे। अचानक उन्हें हार्ट अटैक आया, लेकिन उन्होंने ऑटो को नियंत्रित करते हुए सड़क किनारे रोकने की कोशिश की। इसके बाद वे ऑटो की ड्राइवर सीट से नीचे गिर गए। आसपास के लोगों ने तुरंत स्थिति को समझते हुए एम्बुलेंस को बुलाया और गणेश को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 9:30 बजे आईपीएस कॉलेज के पास हुई। गणेश सुबह 7 बजे अपने घर से ऑटो लेकर निकले थे और आमतौर पर दोपहर तक घर लौटते थे। घटना की सूचना परिवार को एम्बुलेंस स्टाफ ने गणेश के मोबाइल के जरिए दी। गणेश के साले सुमित ने बताया कि यह खबर सुनकर परिवार सदमे में है। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं, जो इस घटना के बाद शोक में डूबी हुई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि गणेश ऑटो को नियंत्रित करने के दौरान अचानक सीट से गिर गए थे।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। साइलेंट अटैक की वजह से गणेश की असामयिक मृत्यु ने उनके परिवार को गहरा आघात पहुंचाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। उनकी मृत्यु ने इस बात पर भी ध्यान केंद्रित किया है कि कैसे साइलेंट अटैक किसी की जिंदगी को अचानक खत्म कर सकता है।

## 19 साल के छात्र ने लगाई फांसी

**हमारा स्वराज | इंदौर**



आजाद नगर में 19 वर्षीय छात्र कृष यादव ने गुरुवार शाम अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पिता संजय यादव अपने दोस्त के साथ घर लौटे और उन्होंने बेटे को आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से झांककर देखा तो घटना का पता चला। कृष 12वीं कक्षा में पढ़ता था और उसके माता-पिता दोनों ही निजी स्कूलों में नौकरी करते हैं। कृष की मां और बहन एक रिश्तेदार के यहां पूजा में शामिल होने गई थीं। पुलिस के अनुसार, कृष सुबह तक बिल्कुल सामान्य था और उसने अपने परिवार के सदस्यों से दोपहर में भी अच्छी तरह बातचीत की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर छात्र ने आत्महत्या क्यों की।

## कोहरे के कारण इंदौर आ रहा विमान अहमदाबाद में उतारा

**हमारा स्वराज | इंदौर**

शहर में छाए घने कोहरे के कारण गुरुवार रात कोलकाता से आने वाली इंदौर की फ्लाइट को अहमदाबाद में भेजा गया। वह विमान 15 घंटे बाद इंदौर के लिए उड़ान भर सका। देरी के कारण अहमदाबाद एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा भी किया।

मौसम खराब होने के कारण कोलकाता से इंदौर आने वाले विमान में सवार यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इंडिया एक्सप्रेस का विमान कोलकाता से इंदौर के लिए उड़ा, लेकिन इंदौर में कोहरे कारण लैंडिंग मुश्किल थी। इंदौर के आसमान में विमान चक्कर काटता रहा। पायलेट ने विमान उतारने की कोशिश भी की, लेकिन फिर कोहरे के कारण जोखिम नहीं लिया। इस विमान को रात साढ़े 12 बजे इंदौर आना था, लेकिन देरी होती रही।

इसके बाद विमान को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरा गया। अहमदाबाद से यह विमान दोपहर तक उड़ान नहीं भर पाया। इसे लेकर यात्री नाराज हो गए और उन्होंने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया। यात्रियों के रुकने के इंतजाम होटल में किए गए। इस बीच पायलेट की ड्यूटी पूरी होने पर वे चले गए। दूसरे पायलेट का इंतजाम होने पर विमान इंदौर आया।दोपहर तीन बजे विमान इंदौर के रवाना हुआ। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। मौसम के कारण अन्य उड़ानें भी लेट हो गई।

## गायक तनिष्क ने बाबा महाकाल के किए दर्शन



**हमारा स्वराज | उज्जैन**

उज्जैन में युवा गायक कलाकार तनिष्क ने महाकाल का आशीर्वाद लिया और मंदिर प्रबंधन की व्यवस्थाओं की सराहना की। शुक्रवार की सुबह, रैपर पैराडॉक्स ने बाबा महाकाल के दर्शन किए और भस्म आरती में लगभग दो घंटे तक उपस्थित रहे। इस दौरान, उन्होंने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद, उन्होंने देहरी से दर्शन कर पूजन किया, जो यश पुजारी द्वारा संपन्न किया गया।

पैराडॉक्स, जो युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं, ने मंदिर की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहाँ दर्शन और पूजा बहुत सुगम हैं। उनके माता-पिता को भी इस अनुभव में विशेष आशीर्वाद मिला।

## इंदौर में ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़, एमडी ड्रग और चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हमारा स्वराज | इंदौर**

इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी राजस्थान के प्रतापगढ़ का है, जबकि दूसरा इंदौर के सदर बाजार का निवासी है। प्रतापगढ़ का आरोपी इंदौर में ड्रग की डिलीवरी देने आया था। पुलिस ने आरोपियों से लगभग 64 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल पुत्र दशरथ राव, निवासी प्रतापगढ़, राजस्थान, और राजिक उर्फ सद्दाम पुत्र मोहम्मद सईद, निवासी जूना रिसाला, इंदौर शामिल हैं। इसके अलावा, खजराना पुलिस ने 164 ग्राम से ज्यादा चरस के साथ एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोहेल पुत्र समीर खान, निवासी बाबा की बाग को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर आदिल उर्फ मामा पुत्र मोहम्मद आरिफ, निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन, और शरीफ शेख उर्फ बच्चा पुत्र शकूर शेख, निवासी देवास को गिरफ्तार किया गया है।


### देवास से आने वाले भारी वाहन सीधे ब्रिज होते हुए खलघाट की तरफ आ-जा सकेंगे

## राऊ सर्कल का पूरा ब्रिज ट्रैफिक के लिए खुला, हादसों पर लगेगी रोक

**हमारा स्वराज | इंदौर**

इंदौर के राऊ सर्कल पर बने ब्रिज की दूसरी भुजा शुक्रवार को ट्रैफिक के आवागमन लिए खोल दी गई। अब देवास की तरफ से आने वाले भारी वाहन सीधे ब्रिज होते हुए खलघाट की तरफ आ जा सकेंगे। इस चौराहे पर ब्रिज नहीं होने के कारण यहां अक्सर हादसे होते थे।

इसकी गिनती शहर के सबसे बड़े ब्लैक स्पॉट में होने लगी थी। सालभर में यहां दस लोगों की मौत सड़क हादसे में हो गई थी, क्योंकि सर्कल के आसपास की टाउनशिपों के लोग इस चौराहे से आवाजाही करते हैं। यहां भारी वाहनों का भी काफी दबाव रहता है। अब ब्रिज पर



ट्रैफिक शुरू होने से 60 प्रतिशत भारी वाहन ब्रिज से होकर गुजर रहे है। इस सर्कल से एक दिन में 70 हजार से ज्यादा वाहन गुजरते है। 40 करोड़ की लागत से इस ब्रिज का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने किया है। वर्ष 2022 में इस ब्रिज का काम शुरू हुआ था। पिछले साल ही ब्रिज का निर्माण पूरा होना था, लेकिन आठ माह की देरी से ब्रिज का निर्माण पूरा हुआ।

### एक माह पहले एक भुजा खोली थी

एक माह पहले ब्रिज की एक भुजा खोली गई थी। अब दूसरी भुजा से भी वाहनों की आवाजाही शुरू हुई। बगैर किसी औपचारिकता के अफसरों ने वाहनों के लिए ब्रिज खोल दिया। इसके बाद चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम हो गया। नए ब्रिज की लंबाई 1.22 किलोमीटर है,जबकि चौड़ाई 30 मीटर। निर्माण कंपनी को पांच साल तक ब्रिज का रखरखाव भी करना है। ट्रैफिक के लिए ब्रिज खोलने से पहले लोड टेस्ट किया गया। इस ब्रिज पर ज्यादातर भारी वाहन गुजर रहे है। इस कारण मजबूती का ज्यादा ध्यान रखा गया है।

मध्यप्रदेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र
हमारा स्वराज
भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित
से जुड़ने का सुनहरा अवसर




(पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभवी व्यक्तियों को प्राथमिकता)
मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला ब्यूरो एवं तहसील संवाददाता बनने हेतु इच्छुक व्यक्ति
आज ही सम्पर्क करें
hamara.swaraj@gmail.com
+91 9644567000 | 9406600127 | 9617457594 | 9009911734

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैरालम्पिक खिलाड़ी रूबीना और कपिल को अर्जुन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित होने पर दी बधाई



**हमारा स्वराज | भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के पैरा शूटर खिलाड़ी रुबीना फ्रांसिस एवं जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को देश के प्रतिष्ठित 'अर्जुन अवॉर्ड 2024' से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में जबलपुर की पैरालंपिक खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस और सीहोर के पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से प्रदेश और देशवासी गौरवान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रदेश के खिलाड़ियों को इसी तरह प्रदर्शन तथा प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करने की प्रार्थना की है।

### खेल मंत्री सारंग ने की कार्यक्रम तैयारियों के संबंध में बैठक

## सीएम यादव कल करेंगे फिट इण्डिया क्लब का लोकार्पण

**हमारा स्वराज | भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 जनवरी को गौतम नगर में फिट इण्डिया क्लब का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 3 बजे आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में 6 विभागीय खेल अधोसंरचना का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया जायेगा।

### फिट इण्डिया क्लब प्रदेश के लिये एक मॉडल होगा

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस संबंध में मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आवश्यक तैयारियों के संबंध में



संबंधितों को दिशा-निर्देश दिये। मंत्री सारंग ने कहा कि देश में प्रथम फिट इण्डिया क्लब का लोकार्पण होने जा रहा है। इसमें व्यायाम, फिटनेस, खेल गतिविधियाँ एवं स्वास्थ्य सहित पोषण आहार संबंधी कार्यक्रम होंगे। वॉकिंग ट्रेक, योग एवं मेडिटेशन केन्द्र के साथ ओपन जिम, पारम्परिक खेल जोन, लायब्रेरी एवं किड्स जोन का प्रावधान भी किया जा रहा है। साथ ही महिला फिटनेस सेंटर, मल्टीपर्पस इण्डोर हॉल एवं स्वीमिंग पूल का भूमि-पूजन किया जायेगा। यह फिट इण्डिया क्लब पूरे प्रदेश के लिये एक मॉडल होगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेल अधोसंरचना के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन में प्रदेश के नागौद-सतना, बुधनी-सीहोर, हरदा, टिमरनी-हरदा और नारायणगढ़-मंदसौर में इण्डोर हॉल तथा जोबट-अलीराजपुर में आउटडोर खेल परिसर का लोकार्पण एवं शिवपुरी में हॉस्टल भवन का भूमि-पूजन किया जाना है। कार्यक्रम में खेलो-बढ़ो अभियान का शुभारंभ भी किया जायेगा। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और आम नागरिकों को खेलों से जोड़ने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये एक नवाचार के रूप में खेलो-बढ़ो अभियान शुरू किया जायेगा। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, उप सचिव संजय जैन आदि मौजूद रहे।

# भोपाल और राजगढ़ जिले की सीमा पर बना पार्वती नदी का पुल धंसा

### जांच के लिए 15 इंजीनियरों की टीम पहुंची, वैकल्पिक रास्ते के लिए काम शुरू

**हमारा स्वराज | भोपाल**

भोपाल और राजगढ़ जिले की सीमा पर पार्वती नदी पर बना 49 साल पुराना पुल गुरुवार रात धंस गया। इसके बाद पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अब भारी वाहन भोपाल होकर करीब 50 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जा रहे हैं।

गौरतलब है कि पार्वती ब्रिज को देखने के लिए (MPRSC) की 15 इंजीनियरों की टीम ने जांच की। अब वैकल्पिक रास्ते की तलाश की जा रही है। फिलहाल, पार्वती ब्रिज पर रास्ता रोक दिया गया है। यह पुल बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड पर है और 1976 में बनाया गया था। पुल बंद होने से यातायात पर असर पड़ा है।

पुल धंसने की जानकारी मिलने पर बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा गुरुवार रात 9 बजे मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान दोनों ओर से बेरिकेडिंग की गई।

वाहनों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट किया गया है। नरसिंहगढ़ पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने भी पुल का जायजा



लिया। पुल के दोनों ओर पुलिस तैनात है। एमपीआरडीसी के एक्सपर्ट शुक्रवार को जांच की।

### एमपीआरडीसी को एसडीएम ने लिखा लेटर

एसडीएम शर्मा ने एमपीआरडीसी (मप्र सड़क विकास निगम, भोपाल के संभागीय प्रबंधक) को लेटर भी लिखा था। लेटर में लिखा कि 'पार्वती पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल से आवाजाही के कारण जान-माल के नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक रूप से इस ब्रिज के पिलर के नीचे बड़ा गड्ढा हो गया है। इसलिए जरूरी है कि नरसिंहगढ़-बैरसिया आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए।' शुक्रवार एमपीआरडीसी की टीम मौके पर पहुंची और जांच की, ब्रिज को कितना नुकसान हुआ है। अब ऑप्शनल रास्तों की भी व्यवस्था की जाएगी।

### नरसिंहगढ़ से कुरावर होकर भोपाल जा सकेंगे

नरसिंहगढ़ के एसडीओपी भूपेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मंगलगढ़ और बरायठा के बीच में पार्वती नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। नरसिंहगढ़ से नजीराबाद जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल न करें। नरसिंहगढ़ से देवगढ़, कुरावर होते हुए भोपाल की तरफ की यात्रा करें। इसी प्रकार नजीराबाद से नरसिंहगढ़ आने वालों को भी उस तरफ से रोका गया है। पुल की दो साल पहले की मरम्मत की गई थी। इसके पिलर में क्रैक आने से यह धंस गया। इस दौरान दोनों ओर से करीब 50 किमी का फेरा ज्यादा लगेगा।

### दो साल पहले की थी मरम्मत

यह पुल नरसिंहगढ़ को नजीराबाद, बैरसिया, विदिशा और भोपाल से जोड़ता है। इसकी दो साल पहले ही मरम्मत की थी। पुल के एक तरफ बैरसिया और दूसरी तरफ नरसिंहगढ़ तहसील है।

### आयोग के पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

## राज्यपाल को लोक सेवा आयोग का 67वां वार्षिक प्रतिवेदन भेंट किया



**हमारा स्वराज | भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पदाधिकारियों ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेशलाल मेहरा ने आयोग का 67वां वार्षिक प्रतिवेदन भेंट किया। इस अवसर पर सदस्य डॉ. कृष्णकांत शर्मा और डॉ. नरेन्द्र कुमार कोष्टी एवं सचिव श्री प्रबल सिपाहा मौजूद थे। राज्यपाल को आयोग अध्यक्ष डॉ. मेहरा ने बताया कि आयोग द्वारा वर्ष 2023-24 में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के पदों की पूर्ति के लिए 70 विज्ञाप्ति जारी की गई है। इस अवधि में 21 परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 13 हजार 833 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया। वर्ष 2023-24 में 3 हजार 114 और वर्ष 2024-25 में 1 हजार 829 अभ्यर्थियों का चयन कर 4 हजार 943 पदों के चयन की अनुशंसा शासन को भेजी गई। उन्होंने आयोग द्वारा किए गए राज्य पात्रता परीक्षा के आयोजन, मूल्यांकन प्रक्रियाओं मे किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया।

## सोगरिया से महाकुम्भ के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू

**हमारा स्वराज | भोपाल**

महाकुंभ मेला शुरू हो गया है। ऐसे में रेलवे द्वारा भी यात्रियों की सुविधाओं के लिए कई ट्रेनें शुरू कर रहा है।ज्यादा भीड़ का यात्रियों का सामना ना करना पड़े इसके लिए महाकुम्भ मेला के अवसर पर रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09801 / 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य 07-07 ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी सप्ताह में दो दिन चलेगी। पहली ट्रिप



महाकुम्भ स्पेशल 17 जनवरी को सोगरिया से प्रस्थान कर चुकी है। इस गाड़ी में 5 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 2 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएलआर एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच होंगें।

गाड़ी संख्या 09801 / 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेन सोगरिया से मंगलवार एवं शुक्रवार को 17, 21, 24 जनवरी, 07, 14, 18 एवं 21 फरवरी,2025 को तथा बनारस से बुधवार एवं शनिवार 18, 22, 25 जनवरी, 08, 15, 19, एवं 22 फरवरी,2025 को चलेगी।

गाड़ी सं 09801 सोगरिया से बनारस के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 08:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 10.15 बजे बनारस पहुँचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09802 बनारस से सोगरिया के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दोपहर 14.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15.45 बजे सोगरिया पहुँचेगी।

गाड़ी के हाल्टः- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सोगरिया से बनारस के बीच अन्ता, बारां, अटरू, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, मूंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशनों पर रुकेगी।

## भोपाल में छाए बादल, ग्वालियर चंबल क्षेत्र में कोहरा, कल से कड़ाके की पड़ेगी ठंड

**हमारा स्वराज | भोपाल**

मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने का मिल रहा है जहां 2 दिन तक प्रदेश से कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई वहीं शुक्रवार को सुबह से राजधानी भोपाल में बादल छाए। वही ग्वालियर चंबल क्षेत्र में सुबह से कोहरे का असर देखने को मिला।

मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर-चंबल में अगले 2 दिन कोहरा रहेगा जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, 19-20 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ेगा। इस बार जनवरी के आखिरी सप्ताह में भी तेज ठंड पड़ने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में कई जिलों में हुई बारिश वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से गुरुवार को श्योपुर, मुरैना में बारिश हुई जबकि भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के कई शहरों में बादल छाए रहे। इससे पहले 24 घंटे में भिंड, मुरैना, श्योपुर, आगर-मालवा, धार, नीमच, मंदसौर और ग्वालियर में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अब बारिश का दौर थमने और कोहरे का असर बढ़ने का अनुमान जताया है।

## कोदो की रोटी खाने से चार लोगों की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**हमारा स्वराज | दमोह**

कोदों को रोटी खाने से एक ही परिवार के चार लोगों की सेहत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। घटना पन्ना जिले के हरदुआ खमरिया गांव में शुक्रवार दोपहर की है। यहां एक ही परिवार के चार सदस्यों को कोदों की रोटी खाने से फूड प्वाइजनिंग हो गया। सभी को उल्टी दस्त की शिकायत होने पर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर शाम 6 बजे दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ितों में ऋषभ जैन, उनकी पत्नी नंदू जैन और उनके दो बच्चे सनी और अनि प्रभावित हुए हैं। परिवार की सदस्य रिंकी जैन ने बताया कि ऋषभ जैन के यहां आटा चक्की है। उन्होंने कोदों अनाज को अपनी चक्की में पीसकर शुक्रवार को रोटी बनाई थी, जिसे परिवार के सदस्यों ने खाया था। उसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अनाज में किस तरह का हानिकारक पदार्थ मिला था। सभी चारों मरीजों की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है कोदों अनाज के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे।

### मध्य प्रदेश में सौरभ शर्मा मामले में सियासत जारी

## भूपेंद्र सिंह के हस्ताक्षर वाला पत्र शेयर कर जीतू ने पूछा-कब ले रहे हैं राजनीति से संन्यास

**हमारा स्वराज | भोपाल**

मध्य प्रदेश में सौरभ शर्मा मामले में सियासत जारी है। अब पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह का एक वीडियो शेयर करते हुए पूछा है कि "सौरभ-समर्थक" कब संन्यास ले रहे हैं ? दरअसल, एक दिन पहले हेमंत कटारे और भूपेंद्र सिंह के बीच आरोप-प्रत्यारोप के दौरान पूर्व मंत्री ने कहा था कि 'अगर ऐसा कोई पत्र या नोटशीट बता दें जिसमें मैंने कोई अनुशंसा की हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा'। जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नोटशीट का पेज शेयर किया है जिसमें भूपेंद्र सिंह के हस्ताक्षर से सौरभ शर्मा को अनुकंपा नियुक्ति देने की बात लिखी हुई है। इस पत्र को साझा करते हुए कांग्रेस ने भूपेंद्र सिंह से सवाल किया है कि वो राजनीति छोड़ने की अपनी बात पर कब अमल करेंगे।

दरअसल, गुरुवार को मध्य प्रदेश में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और इसमें उन्होंने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आरटीओ के पूर्व





आरक्षक सौरभ शर्मा की नियुक्ति भूपेंद्र सिंह की सिफारिश पर हुई थी और उनके परिवहन मंत्री रहते हुए ही सौरभ शर्मा ने तरक्की की थी। इन आरोपों के जवाब में भूपेंद्र सिंह ने कहा था कि हेमंत कटारे मैनेज होकर पत्रकार वार्ता करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में सौरभ शर्मा कभी उनके विधानसभा क्षेत्र के चेकपोस्ट पर तैनात नहीं थे। इसी के साथ पूर्व मंत्री ने चुनौती दी थी कि यदि कांग्रेस इस बात का कोई प्रमाण पेश कर पाती है कि उन्होंने सौरभ शर्मा की नियुक्ति को लेकर कोई सिफारिश की है तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे। साथ ही, उन्होंने मानहानि का केस दायर करने की भी बात कही थी।

### कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर सवाल उठाए

पत्र और वीडियो को शेयर करते हुए जीतू पटवारी ने लिखा है कि 'पूर्व परिवहन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा था कि "अगर मैंने सौरभ शर्मा की नियुक्ति से संबंधित नोटशीट लिखी हो, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा! नोटशीट पब्लिक डोमेन में है, तो पूछा जाना चाहिए कि "सौरभ-समर्थक" कब संन्यास ले रहे हैं? वैसे यह परिवहन विभाग में हुई 2000 करोड़ से ज्यादा की कलंक-कथा का "अर्ध-सत्य" है! जब तक सौरभ का आर्थिक-दोहन करने वाली सफेदपोश 'शख्सियतों' का चेहरा खरोंचा नहीं जाएगा, 'संगठित अपराध' व 'सामूहिक डकैती' का पूरा हिसाब सामने नहीं आ पाएगा!' इस तरह एक बार फिर सौरभ शर्मा मामले को लेकर कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर सवाल उठाए हैं।

# स्वराज विचार

## सम्पादकीय

# अंतरिक्ष में खुले द्वार

नये साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे।

# 2025 दुनिया में संचार प्रौद्योगिकी का प्रभाव



डॉ भूपेन्द्र कुमार
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

2025 में, दुनिया संचार जटिलताओं की भूलभुलैया में भटक रही होगी। भू-राजनीतिक तनावों से लेकर प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रभाव तक, संचार रणनीतियाँ वैश्विक स्थिरता या अस्थिरता के केंद्र में हैं।

जैसे-जैसे बातचीत के साधन विकसित होते हैं, वैसे-वैसे चुनौतियां, जिम्मेदारियां और अवसर भी विकसित होते हैं। क्या हम आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हैं, या हम अपने द्वारा बनाए गए संकट की ओर बढ़ रहे हैं? 2025 में संचार की चुनौतियां एक दशक पहले की चुनौतियों से काफी अलग हैं। भू-राजनीतिक गतिशीलता बदल गई है, राष्ट्र डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कूटनीति के साधन और दुष्प्रचार के साधन दोनों के रूप में कर रहे हैं। शासन कला और साइबर प्रभाव के बीच की रेखाएँ धुंधली हो गई हैं, जिससे एक अस्थिर पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है जहाँ शब्दों का उतना ही महत्व है जितना हथियारों का।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिदम-संचालित सामग्री के उदय ने इन चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। जबकि ये उपकरण अभूतपूर्व दक्षता प्रदान करते हैं, वे सत्य पर जुड़ाव मीट्रिक को भी प्राथमिकता देते हैं। इसका परिणाम सनसनीखेज, क्लिकबेट सामग्री की अधिकता है जो अक्सर सार से अधिक सतहीपन को प्राथमिकता देती है। इस कोलाहल में, सूक्ष्म दृष्टिकोण और गहन शोध किए गए आख्यान डूब जाते हैं, जिससे वैश्विक दर्शक हेरफेर और गलत सूचना के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। 'चौथे स्तंभ' के रूप में मीडिया की भूमिका पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण या इतनी जांची-परखी नहीं रही। हाइपर-कनेक्टिविटी के युग में, सार्वजनिक धारणा को आकार देने और भू-राजनीतिक परिणामों को प्रभावित करने की मीडिया की क्षमता बेजोड़ है। लेकिन बड़ी शक्ति के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। क्या मीडिया को सकारात्मक और सचेत प्रभाव को बढ़ावा नहीं देना चाहिए? क्या इसे अपने द्वारा प्रचारित किए जाने वाले आख्यानों के लिए खुद को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए? दुर्भाग्य से, क्लिक और व्यू की होड़ अक्सर इन आदर्शों पर हावी हो जाती है। सनसनीखेज हेडलाइन, सतही विश्लेषण और ध्रुवीकृत रिपोर्टिंग का प्रचलन मीडिया संस्थानों में विश्वास को खत्म कर देता है। इसके लिए मीडिया साक्षरता पर नए सिरे से ध्यान देने की जरूरत है - न केवल उपभोक्ताओं के लिए बल्कि रचनाकारों के लिए भी। पत्रकारों, संपादकों और कंटेंट क्रिएटर्स को अपने काम के निहितार्थों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, जबकि दर्शकों को उनके द्वारा उपभोग की जाने वाली जानकारी का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने के लिए तैयार होना चाहिए। आधुनिक संचार चुनौतियों का विश्लेषण करने पर, एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति उभरती है: जटिल समस्याओं के सतही समाधान। चाहे वह जल्दबाजी में लिखी गई हेडलाइन हो, कोई अति सरलीकृत ट्वीट हो या कोई नीतिगत घोषणा, संक्षिप्तता अक्सर गहराई की कीमत पर आती है। जबकि सुपाच्य सामग्री की मांग समझ में आती है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण मुद्दों को महत्वहीन बनाने और बौद्धिक आत्मसंतुष्टि की संस्कृति को बढ़ावा देने का जोखिम है। इसका मुकाबला करने के लिए, मजबूत संचार मूल्यांकन रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता है। स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं को प्लेटफ़ॉर्म, समाचार आउटलेट और सरकारों द्वारा प्रसारित सूचना की गुणवत्ता, सटीकता और प्रभाव का आकलन करना चाहिए। इससे न केवल जवाबदेही बढ़ेगी बल्कि संचार की अखंडता में विश्वास भी बहाल होगा। '3Os' की घटना - अतिशयोक्ति, अतिशयोक्ति और अतिकल्पित - 2025 में प्रभावी संचार के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। अतिशयोक्तिपूर्ण आख्यान छोटी-छोटी समस्याओं को संकट में बदल देते हैं, अत्यधिक संसाधनों का उपयोग सामग्री की गुणवत्ता को कम कर देता है, और अतिशयोक्तिपूर्ण समाधान जितना दे सकते हैं, उससे कहीं अधिक वादा करते हैं। साथ में, ये प्रवृत्तियाँ अविश्वास और गलतफहमी से भरा संचार वातावरण बनाती हैं। भूराजनीति में, इसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। अतिशयोक्तिपूर्ण तनाव संघर्षों को बढ़ा सकते हैं, अत्यधिक कूटनीति जांच के दौरान लड़खड़ा सकती है, और अतिशयोक्तिपूर्ण रणनीतियाँ ज़मीन पर वास्तविकताओं को संबोधित करने में विफल हो सकती हैं। इन जोखिमों को कम करने के लिए, संचार प्रामाणिकता, स्पष्टता और उद्देश्य पर आधारित होना चाहिए। इन चुनौतियों के बावजूद, आशा है। संचार प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास बेहतर तालमेल और सहयोग के अवसर प्रदान करता है। बहुभाषी AI मॉडल, रीयल-टाइम अनुवाद सॉफ़्टवेयर और इमर्सिव वर्चुअल प्लेटफ़ॉर्म जैसे उपकरण सांस्कृतिक और भाषाई विभाजन को पाट सकते हैं, जिससे भूराजनीति की बेहतर समझ को बढ़ावा मिलता है। हालाँकि, इन उपकरणों का उपयोग सावधानी से किया जाना चाहिए। एल्गोरिदम और स्वचालन पर अत्यधिक निर्भरता से मानवीय संबंध और सहानुभूति का नुकसान हो सकता है। संचार में मानवीय तत्व- संदर्भ, भावना और सूक्ष्मता- अपूरणीय बने हुए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए, उनका उपयोग नैतिक ढांचे और मानवीय निगरानी द्वारा निर्देशित होना चाहिए। जब भारत की बात आती है, तो यह राष्ट्र कुशल भू-राजनीति और संचार में एक गतिशील शक्ति के रूप में खड़ा है, जो परंपरा को नवाचार के साथ जोड़ता है। विविध आख्यानों की अपनी समृद्ध विरासत और वैश्विक दक्षिण की आवाज़ के रूप में अपनी बढ़ती भूमिका के साथ, भारत की संचार पहुंच सांस्कृतिक और वैचारिक विभाजन को पाटने के यह लिए अद्वितीय रूप से स्थित है। देश का प्रभाव इसकी सीमाओं से कहीं आगे तक फैल चुका है, खास तौर पर जी20, ब्रिक्स और संयुक्त राष्ट्र जैसे बहुपक्षीय मंचों में इसकी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से। दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर भारत का जोर और डिजिटल नवाचार में अग्रणी के रूप में इसकी भूमिका इसे वैश्विक संचार प्रतिमानों को नया आकार देने के लिए उपजाऊ जमीन बनाती है। समावेशी आख्यानों को आगे बढ़ाने और वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा देने के ज़रिए - जैसे कि जलवायु न्याय, सतत विकास, प्रौद्योगिकी तक समान पहुँच और शिक्षा प्रणाली को मज़बूत करना - भारत विकासशील देशों के बीच एकजुटता और साझा विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने संचार परिदृश्य का लाभ उठाता है।




# मीडिया सेंटर में निकला कोबरा, हड़कंप

महाकुंभ में काली मार्ग पर बने मीडिया सेंटर में शुक्रवार को कोबरा सर्प निकलने से अफरातफरी मच गई। तमाम मीडियाकर्मी भागकर सड़क पर आ गए। जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने सांप को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़वाया। दो दिन पहले भी एक कोबरा सर्प निकल चुका था। जिसके बाद मीडियाकर्मी दहशत में थे। शुक्रवार को नेशनल मीडिया के कैंटीन की तरफ से एक विशाल कोबरा सर्प नेशनल मीडिया कर्मियों के रहने के लिए बनाए गए टेंट की तरफ पहुंच गया। इसी बीच किसी कि नजर पड़ी तो उसने वहां पर मौजूद कर्मचारियों की इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते वहां पर भीड़ जमा हो गई। कोबरा निकलने की सूचना पर लोग भागकर बाहर आ गए। बाद में सांप को पकड़ा गया। तीन दिनों के भीतर दो बार कोबरा निकलने के बाद मीडिया सेंटर में लोग दहशत में आ गए हैं।



## 2750 कैमरों से भीड़ को नियंत्रित कर रहा ICCC

# सात करोड़ श्रद्धालु कर चुके हैं संगम में स्नान

**विश्व** के सबसे बडे आयोजन महाकुंभ में 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से स्नान शुरू है। छह दिनों के भीतर सात करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। सबसे ज्यादा साढ़े तीन करोड़ लोगों ने मकर संक्रांति पर ही डुबकी लगाई है। अधिकारियों की माने तो इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुंभ पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि, मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) क्राउड मैनेजमेंट में वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को कंट्रोल करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं, जिनके माध्यम से न



सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। तीन तरफ से भीड़ की निगरानी की जा रही है। पहली सिक्योरिटी, दूसरी क्राउड मैनेजमेंट और तीसरी क्राइम। उन्होंने बताया कि हमारे पास जो कैमरे हैं उनसे हम सर्विलांस, क्राउड मैनेजमेंट और फायर सर्विलांस जैसे तमाम बिंदुओं पर नजर रख पा रहे हैं। क्राउड मैनेजमेंट के लिए हम लोग क्राउड फ्लो को मॉनिटर कर रहे हैं कि किस तरफ से कितना क्राउड आ रहा है और इसको किस प्रकार से रेगुलेट करना है। क्राउड फ्लो के माध्यम से यह जानने की कोशिश करते हैं की भीड़ का दबाव कहां ज्यादा है, हम उसको वहां से किस ओर मूव कर सकते हैं।

### एआई कैमरों से निर्णय लेने में मिलती है मदद

एआई कैमरा की उपयोगिता पर उन्होंने कहा कि एआई कैमरों से निर्णय लेने में काफी मदद मिलती है, लेकिन हम पूरी तरह इन पर डिपेंड नहीं है। यह हमारी क्षमता को निश्चित रूप से बढ़ाते हैं, क्योंकि इससे पहले इतना बड़ा क्राउड कंट्रोल नहीं किया गया था। हमारी फोर्स की अपनी इंस्टीट्यूशन ट्रेनिंग है, लेकिन अगर इसको हम डाटा बेस्ड और एविडेंस बेस्ड रखें तो वह हमें अपनी स्किल को और बेहतर करने में मदद करती है। उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में चार आई ट्रिपल सी है। यदि कहीं एक जगह कोई प्रॉब्लम आती है तो आपात स्थिति में दूसरी यूनिट को उपयोग में लाया जा सकता है। इनके बीच बेहतर कनेक्टिविटी है, सभी जगह मॉनिटरिंग संभव है।

### रियल टाइम बेसिस के आधार पर की जाती है भीड़ की गिनती

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की एआई बेस्ड कैमरे की मदद से भीड़ की गिनती करने में भी मदद मिलती है। ड्रोन और कैमरों की मदद से भीड़ के घनत्व, वाहनों की संख्या के आधार पर अनुमान लगाया जाता है। भीड़ की गिनती करने के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है। इस टीम का नाम क्राउड एसेसमेंट टीम है। रियल टाइम बेसिस के आधार पर यह टीम मेले में आने वाले लोगों की गिनती कर रही है। एआई बेस्ड कैमरों से भीड़ की फेस रीडिंग की जाती है। फेस स्कैन के माध्यम से यह अनुमान लगाया जाता है कि कितनी देर में कितने लाख श्रद्धालु मेले में पहुंचे। पूरे मेला क्षेत्र में 1800 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं।

### सभी प्रमुख स्थानों पर इंस्टाल कैमरे

उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में जितने भी क्रिटिकल और सेंसिटिव एरिया हैं वहां पर कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। जितने भी घाट हैं, प्रमुख सड़के हैं, पुल है, सभी जगह कैमरे लगाए गए हैं क्योंकि यहीं से हमें ये जानकारी मिलेगी कि कहां पर भीड़ का मूवमेंट कितना है। खासतौर पर संगम पर कैपेसिटी कितनी है, ताकि हम इस पर काम कर सकें। एक और चीज यह भी है कि हमें पता है कि इस तरह के आयोजनों में लोग कैसे इकट्ठा होते हैं। पूरे शहर में एक ही क्राउड डेंसिटी नहीं होती है। घाट पर भीड़ ज्यादा होती है और पीछे कम होती है। हमको हमारी लर्निंग का फायदा मिलता है।

# मराठी, गुजराती, सिंधी समाज ने खोले अपने घर के दरवाजे

**महाकुंभ** से काशी में पलट प्रवाह का असर हर ओर दिख रहा है। काशी आने वाले श्रद्धालुओं की आगवानी भी हो रही है। उन्हें लोग अपने घरों में ठौर दे रहे हैं। दक्षिण भारतीय, मराठी, गुजराती, सिंधी व मारवाड़ी समाज के लोग श्रद्धालुओं को आश्रय देने के साथ उनकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। मठों, आश्रमों और धर्मशालाओं में भी श्रद्धालु रुक रहे हैं।

श्रीकाशी विश्वनाथ और अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र सहित अन्य अन्न क्षेत्रों में 20 से 30 हजार श्रद्धालु रोजाना भोजन ग्रहण कर रहे हैं। जबकि आम दिनों में ये संख्या 10 हजार से भी कम होती है। तीर्थस्थलों के प्रति अपार श्रद्धा और भक्ति का भाव लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु महाकुंभ के बाद काशी आ रहे हैं। वे कुंभ में स्नान-दान करने के बाद काशी आ रहे हैं। दो दिनों से श्रद्धालुओं की भीड़ शहर में बढ़ी है। काशी में बसे विभिन्न समाज के लोग अपने समाज के लोगों को आश्रय दे रहे हैं। मारवाड़ी समाज भवन, जयपुरिया धर्मशाला, सिंधी समाज के सिंधी धर्मशाला, पंचायती भवन, मराठी समाज के श्रीकाशी महाराज सेवा समिति भवन, गुजराती समाज के धर्मशाला के अलावा आंध्रा आश्रम, शृंगेरी मठ, पातालपुरी मठ आदि में श्रद्धालु रुक रहे हैं।

### अन्नक्षेत्र में कर रहे सेवा

अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि बाहर से आ रहे श्रद्धालुओं को अन्नक्षेत्र में प्रसाद ग्रहण करवाया जा रहा है। उनको निशुल्क नाश्ता, चाय के अलावा दोपहर और रात में भोजन करवाया जा रहा है। रोज पांच से सात हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। अन्नक्षेत्र के प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया की भीड़ को देखते हुए जगह-जगह प्रसाद व भंडारा भी शुरू किया जाएगा।



हमारा स्वराज
इंदौर, शनिवार, 18 जनवरी 2025

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर युवती से 13 लाख रुपए ठगने वाले आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से धरदबोचा



**हमारा स्वराज | सीहोर**

सीहोर पुलिस ने शेयर मार्केट ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले एक साइबर अपराधी को राजस्थान के फलोदी जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक लैपटॉप और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मामला 5 अक्टूबर 2024 का है। पीड़िता प्रजा तोमर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने शेयर मार्केट ट्रेडिंग में अधिक लाभ दिलाने का लालच देकर उनसे 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। कोतवाली पुलिस ने धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान के लोहावट, फलोदी में छापेमारी की। जब आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, तो घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह कमीशन के बदले अपना बैंक खाता किराए पर देता था, जिसमें फ्रॉड से प्राप्त पैसे जमा होते थे। पीड़िता के 3,90,000 रुपए भी उसी के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त मोबाइल और लैपटॉप को जब्त कर लिया है।

## बुजुर्ग की हत्या कर फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**हमारा स्वराज | सागर**

सागर जिले के आगासौद थाना क्षेत्र में बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। हत्या के बाद आरोपी बेतवा नदी के किनारे-किनारे पैदल चलते हुए पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। 15 नवंबर को आगासौद गांव में मामूली विवाद के चलते 61 वर्षीय उधम सिंह की पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद आरोपी नीलेश कुशवाहा मौके से फरार हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की। आसपास के जिलों और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। लगातार फरार रहने के कारण पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया।

आरोपी की गिरफ्तारी में कई चुनौतियां सामने आईं, क्योंकि वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था और बेतवा नदी के किनारे छिपते हुए फरारी काट रहा था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को ग्राम कंजिया के पास बेतवा नदी के किनारे से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम ने दिन-रात मेहनत की। इस गिरफ्तारी के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



गाय के अचानक सामने आने से हुआ हादसा

## बेगमगंज जा रही बस पलटी, 7 यात्री घायल



**हमारा स्वराज | रायसेन**

रायसेन जिले में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे एक बस हादसे का शिकार हो गई। भानपुर गंज मोड़ के पास शुभम ट्रैवल्स की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस बरेली से बेगमगंज की ओर जा रही थी, अचानक सामने गाय आ गई। चालक ने गाय को बचाने की कोशिश की, लेकिन बस संतुलन खो बैठी और पलट गई।



घायलों को गैरतगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में करीब 35 यात्री सवार थे, जिनमें से 7 लोग घायल हो गए। घायलों में निधि चढ़ार (26 वर्ष, भानपुर गंज), खुशबू लोधी (19 वर्ष, गगनवाड़ा सिलवानी), प्रहलाद सिंह (70 वर्ष, गगनवाड़ा सिलवानी), दीपक आदिवासी (27 वर्ष, पिथोरिया सागर), रमेश कुमार (52 वर्ष, पिथोरिया सागर), नारायण सिंह (70 वर्ष, चुरक्का) और वंशिका (14 वर्ष, रमपुरा) शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल गैरतगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उपनिरीक्षक सुनंदा खरे के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कोहरे के कारण हुआ हादसा

## रायसेन में खुले नाले में गिरा ट्रैक्टर, किसान ने कूदकर बचाई जान



**हमारा स्वराज | रायसेन**

रायसेन जिला अस्पताल के सामने गुरुवार रात 9 बजे खुले पड़े नाले में एक ट्रैक्टर गिर गया। किसान ने समय रहते कूद कर अपनी जान बचा ली। घटना के वक्त किसान अपनी धान की उपज लेकर कृषि उपज मंडी जा रहा था।

रायसेन में मौसम खराब होने के चलते रात में कोहरा छाया हुआ है, जिसके कारण ये हादसा हुआ। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को नाले से बाहर निकाला गया। शहर में रोड किनारे खुले पड़े नाले रायसेन शहर में 32 करोड़ की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया था। इस दौरान ठेकेदार ने जगह-जगह नालों को खुला छोड़ दिया गया है। इसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कभी बाइक सवार तो कभी जानवर इन नालों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खुले पड़े इन नालों को ढाका तक नहीं गया है। शहर के सांची रोड से लेकर सागर रोड तक सैकडों जगह पर नाले खुले पड़े हैं।

## सागर के 40 कलाकार दिल्ली के राजपथ पर लोक नृत्य करेंगे

**हमारा स्वराज | सागर**

भारत सरकार के लोक संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में कार्यक्रम जयति जय मम भारतम के तहत 26 जनवरी की परेड में पूरे देश से 5 हजार लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर गिनीज बुक ऑफ विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। कलाकार राजपथ पर एक साथ लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे। जिसमें शामिल होने के लिए सागर से 40 कलाकारों का दल भी गया है। सागर की स्थानीय लोक कला संस्था के पवन अठिया समेत 40 लोक कलाकार दिल्ली में 1 महीने की रिहर्सल के लिए पहुंच गए हैं। वे दिल्ली में रहकर अपनी प्रस्तुति की रिहर्सल कर रहे हैं। लोक कलाकार पवन कुमार ने बताया कि सागर का दल बधाई लोक नृत्य को प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है। सागर के कटरा, मकरोनिया, लक्ष्मीपुरा, बड़ा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में रहने वाले 20 युवक और 20 युवतियां इस दल में शामिल हैं। कलाकारों के दल में अंकित सेन, आभा श्रीवास्तव, तनू ठाकुर, ग्राम रजौआ से सुजाता सेन समेत अन्य अपनी प्रस्तुति देंगे।



## कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी को करेंगे मजबूत : मेवाड़ा

**हमारा स्वराज | सीहोर**

सीहोर में भारतीय जनता पार्टी के नए जिलाध्यक्ष के रूप में नरेश मेवाड़ा की नियुक्ति की गई है। अपनी नियुक्ति के बाद मेवाड़ा ने पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले में पार्टी को और मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मिलकर काम करेंगे।

मेवाड़ा ने बताया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विशेष रूप से विदिशा, भोपाल और सीहोर को मिलाकर एक विशेष विकास अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम जल्द ही सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत विकास कार्यों को अंजाम दिया है और ये विकास का क्रम आगे भी जारी रहेगा।



चाइनीज मांझे पर पुलिस की सख्ती

## तीन दुकानदारों से मांझा जब्त, एफआईआर दर्ज



**हमारा स्वराज | सीहोर**

इंदौर में चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटने से हुई मौत के बाद सीहोर पुलिस सख्ती बरत रही है और इसी कड़ी में चाइनीज मांझे की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। जिले के तीन अलग-अलग थानों में चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कोतवाली थाना पुलिस ने मछली बाजार में दुकानदार अकरम के पास से तीन चकरी, भैरुंदा थाना पुलिस ने पंकज सोनी के पास से दो चकरी और आष्टा थाना पुलिस ने सोहेल के पास से एक चकरी चाइनीज मांझा जब्त किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### सख्त कार्रवाई के आदेश

सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि जिले में अभी तक चाइनीज मांझे से कोई दुर्घटना नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने भी जिले में चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है।

## विदिशा में कोहरा छाया, 7 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड



**हमारा स्वराज | विदिशा**

विदिशा में शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और ठंगी हवा चली। गुरुवार दोपहर से मौसम में आए बदलाव ने लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर कर दिया है। जिले के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार शाम से ही कोहरा छाने लगा। ठंड से राहत पाने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। चाय की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार, शहर का अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी।

## फरवरी और मार्च में झेलम और मालवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी

**हमारा स्वराज | विदिशा**

पुणे से चलकर जम्मूतवी जाने वाली झेलम एक्सप्रेस 17 फरवरी से 4 मार्च तक और वापसी में जम्मूतवी-पुणे झेलम एक्सप्रेस 19 फरवरी से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। इसी तरह, डॉ. अम्बेडकर नगर से लेकर श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली मालवा एक्सप्रेस 1 से 5 मार्च तक और वापसी में श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-डॉ. अम्बेडकर नगर मालवा एक्सप्रेस 3 से 7 मार्च तक के लिए कैंसिल रहेगी। इससे वे यात्री प्रभावित होंगे जो वैष्णो देवी के दर्शन के लिए इन ट्रेनों का उपयोग करते हैं। रेलवे के अनुसार, उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन पर री-डेवलपमेंट और यार्ड कनेक्शन के नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण वैष्णो देवी जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें अस्थायी रद्द कर दी गई हैं।

## राहुल गांधी मानसिक रूप से पीड़ितः राजस्व मंत्री

**हमारा स्वराज | विदिशा**

सीहोर में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान राज्य के राजस्व मंत्री कर्ण सिंह वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी की। मंत्री राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान के नए भवन के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। 'उन्हें इस मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जाना चाहिए' केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक द्वारा संस्थान के नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ब्लॉक, छात्रावास ब्लॉक और स्टूडियो अपार्टमेंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी मानसिक रूप से पीड़ित हैं और उन्हें इस मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जाना चाहिए।

### विशिष्ट ऋण जमाकर्ता और विशिष्ट अमानतदारों का किया सम्मान ग्राहक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सहकारी कर्मियों का सहज व्यवहार ही, सहकारिता की पहचान है : विधायक मेव

**हमारा स्वराज | धार**






सहकारी बैंक एवं बहुउद्देशीय सहकारी साख संस्थाओं के कर्मियों का अत्यंत सहज व्यवहार ही सहकारिता की ताकत है तथा उनका कृषकों एवं ग्राहको के साथ सामंजस्यता के कारण ही जिले की सहकारिता को प्रदेश स्तर पर गौरव के साथ जाना जाता है। आज का आयोजन ग्राहकजागरूकता के लिये है। इसलिए इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की जो कमी ''उपभोक्ता दुकानों में कार्यरत विक्रेता द्वारा उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता। इसे संज्ञान में लेकर ग्राहक जाकरूकता अभियान के तहत सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक श्री मेव महेश्वर में ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

विधायक मेव ने कहा कि गत वर्ष में रासायनिक खाद भण्डारण वितरण में कुछ समितियों में अल्पकालिक खाद की कमी को छोडकर अधिकांश समितियों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रही। डीएपी के वैकल्पिक खादों का समितियों में पर्याप्त भण्डारण रहा। इसके लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा सहित संबंधित सभी अधिकारियों की प्रशंसा करता हूं। इस दौरान उनके द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के नियमित ऋण अदा करने वाले विषिष्ट ऋण जमाकर्ता कमलेश राठौड करोंदिया, मोहन नरसिंग बागोद, देवराम गुर्जर बलवाडा तथा महेश्वर क्षेत्र के बैंक शाखाओं के विशिष्ट अमानतदार जितेन्द्र सेन मण्डलेश्वर, हरिराम काला करही, जयपाल जाट बागोद को शिल्ड, शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैंक के पूर्व संचालक जेपी जाट द्वारा ग्राहक जागरूकता अभियान में अपने उद्बोधन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की अभी तक की प्रगति तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र के ग्राहक, अमानतदारों तथा कृषकों एवं बैंक एवं संस्थाओं के कर्मियों के सामंजस्यता के कारण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन निरन्तर प्रगति के पद पर अग्रसर है। उन्होंने संवाद, सामर्थ और समद्धि की त्रिवेणी की व्याख्या करते हुए कहा कि बैंक एवं संस्थाओं में यदि ''एक सब के लिये और सब एक के लिये'' के भाव से कार्य करेंगे तो उसके परिणाम निश्चित ही आशाजनक होंगे। आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन प्रदेश में अग्रणी है और इसी तरह अपने कार्यो को अंजाम देते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब राष्ट्रीय स्तर पर भी बैंक की पहचान अग्रणी बैंक की होगी।

#### चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान

स्वागत भाषण के दौरान संबोधित करते हुए बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल के द्वारा ग्राहक जागरूकता अभियान के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन की अनेक ऋण योजनाएं एवं अमानत योजनाएं है, जो अन्य बैंकों की तुलना में आकर्षक है किन्तु उनका व्यापक प्रचार-प्रसार न होने के कारण उनका अपेक्षित लाभ किसानों एवं ग्राहकों के द्वारा नहीं लिया जा पाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ग्राहक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद स्तरीय ग्राहक जागरूकता की रैली आज महेश्वर नगर में निकाली गई।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सहकारी संवाद संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें लोकेन्द्र जैन, भूपेन्द्र जैन, हरिराम काला, जगदीश, पाटीदार 'मालक' आदि के द्वारा सहकारी संस्थाओं के पुनर्गठन, बैंक शाखा एवं संस्थाओं में व्यवस्थागत कमियों के संबंध तथा बैंक व्यवसाय में वृद्धि हेतु अपने बहुमुल्य सुझाव दिये। इस पर बैंक प्रबंध संचालक द्वारा उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हुये उन्हे शीघ्र ही अमल में लाने का आष्वासन दिया।

इस दौरान ग्राहक जागरूकता रथ को विधायक राजकुमार मेव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो कृषि उपज मण्डी से प्रारम्भ होकर, सहस्त्र धारा मार्ग,अम्बेडकर चौराहा, नगर परिषद कार्यालय, बस स्टेण्ड, महात्मा गॉधी मुख्य मार्ग, बाजार चौक, धान मण्डी होते हुए पुनः कृषि उपज मण्डी में जाकर रैली समाप्त की गई। कार्यक्रम में विक्रम पटेल, बैंक प्रबंधक द्वय अनिल कानुनगों, ललित भावसार, शाखा प्रबंधक द्वय विष्णु पाटीदार, कपिल नेगी, संस्था प्रबंधक द्वय परमानंद पाटीदार, तिलोकचंद यादव, सुनील पाटीदार, रामकृष्ण पाटीदार एवं बैंक मुख्यालय से सुरेश यादव, विनोद पाटीदार, पुनित तारे मंच संचालक सहित बडी संख्या में कृषक एवं ग्राहक उपस्थित रहे।

### ड्रीमलैंड से माणक चौक तक कार पार्किंग बनी मुसीबत

# भगवान भरोसे चल रहा महू का ट्रैफिक



**हमारा स्वराज | आंबेडकर नगर (महू)**

महू शहर में ड्रीमलैंड माणक चौक, फूल चौक, गोकुलगंज, कोतवाली चौक, मेन स्ट्रीट सहित कई जगह भगवान भरोसे ट्रैफिक व्यवस्था चल रही है। चाहे जब जाम लग जाता है। शहर में फोर व्हीलर बंद करेंगे, इसकी चर्चाएं चलती रहती है किंतु इस पर किसी प्रकार का अमल नहीं किया जाता। ड्रीमलैंड से माणक चौक तक फोर व्हीलर वालों ने अघोषित पार्किंग बना दिया है। इससे लगता है महू में कहीं कोई प्रतिबंध नहीं है।

#### आवारा मवेशियों की भरमार

शहर में यातायात व्यवस्था को आवारा मवेशियों ने बिगाड़कर रखा है। बियानी पेट्रोल पंप के सामने खंडवा रोड पर प्रतिदिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं केवल आवारा मवेशियों के कारण होती है। कई जगह गंदगी करते और विचरण कर ये मवेशी नजर आते हैं। इन पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। पास ही सेंटमेरी हायर सेकेंडरी स्कूल है, यहां के विद्यार्थी स्कूल लगने के समय एवं छुट्टी होने के समय डरते हुए निकलते हैं कि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो जाए। वहीं, यहां मुख्य रोड होने के बावजूद किसी प्रकार का गतिरोध नहीं बनाया गया है।



### जिले में कर्मचारियों की सैलरी बैंक अकाउंट से जुड़ेगी, कई कर्मचारी के सम्रग व आधार के साथ नंबर सही नहीं

# 20 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की प्रोफाइल समग्र आईडी और आधार से होगी लिंक

**हमारा स्वराज | धार**

सरकार बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकारी कर्मचारियों की सैलरी और भत्ते को अब समग्र आईडी से जोड़ने की तैयारी कर रही है इस लिए यह कार्य शुरू कर दिया है। वित्त विभाग की ओर जारी किए गए निर्देश में कहा है कि कर्मचारियों की सैलरी को बैंक अकाउंट के साथ जोड़ा जाएगा। इस काम को पूरा करने के लिए फरवरी 2025 लक्ष्य रखा गया है। वित्त विभाग ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिले के प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी का डेटा समग्र आईडी और आधार से इंटीग्रेट होना चाहिए। यह प्रक्रिया जल्द पूरी करना है वित्त विभाग के नए निर्देश के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों का समग्र आईडी और आधार के डेटा को लिंक किया जाएगा। जिले में कर्मचारियों को सुविधा देने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय कर्मचारियों की जानकारी समग्र आईडी तथा आधार से लिंक होगी। वेतन का भुगतान, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। वही जिला कोषाधिकारी मानसिंह डामर ने कहा है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने प्रोफाइल का समग्र आईडी से अविलंब सत्यापन कराएं। सॉफ्टवेयर में उपलब्ध ईएसएस लिंक के माध्यम से समग्र आईडी की प्रविष्टि का कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा अपनी समग्र आईडी को आधार से लिंक कराना भी आवश्यक है। वही सरकार द्वारा कर्मचारियों का लिए सुविधाजनक ह्यो इस लिए यह कार्य करवाया जा रहा है।



#### दस्तावेजों में करेक्शन

कई कर्मचारियों के दस्तावेजों में करेक्शन है। इसके लिए जिले लगभग 20 हजार से अधिक कर्मचारियों जिले में कार्य करते है। इसलिए सरकार ने कर्मचारियों की सहुलियत के लिए किया जा रहा है। वहीं, यह कार्य पहले चरण में किया जा रहा है, उसके बाद संविदा व आंगनवाड़ी के कर्मचारियों का होना है। वहीं अभी भी अधिकांश कर्मचारियों के दस्तावेजों में सरनेम व नाम के साथ नंबर व अन्य करेक्शन है। जिनको खुद कर्मचारियों के अपने लॉगिन पर जाकर सही करना होगा। आने वाले समय में समग्र आधार लिंक करवाना जरूरी है। अगर कर्मचारियों द्वारा समय पर इसे नहीं किया गया तो उनकी सैलरी रुक सकती है इस लिए कर्मचारी इसे जल्दी से सही कर ले।

#### 28 फरवरी तक अपडेट करना जरूरी

जिले के समस्त शासकीय कर्मचारियों का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टी कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टी एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिस बैंक खातें में वेतन प्राप्त हो रहा है। उस बैंक खाते को आधार से भी लिंक कराया जाये। समस्त बजट नियंत्रण अधिकारी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे अपने कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों का यह कार्य 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से हो जाये। प्रथम चरण में यह कार्य नियमित शासकीय सेवकों करना होगा। समग्र आईडी बनवाने, सुधार करवाने https://samagra.gov.in इस साइट पर जाकर कर सकते हैं।

#### इस तरह पूरी होगी प्रक्रिया

कर्मचारियों के डाटा के समग्र आईडी से सत्यापन कार्य के प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी के प्रविष्टि की कार्यवाही की जाना है। साथ ही दूसरे चरण में मानदेय संविदा दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों का भी सत्यापन एवं आधार से लिंक किया जायेगा।

#### मिलेगी सुविधा

जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने प्रोफाइल का समग्र आईडी से अविलंब सत्यापन कराएं। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया है। वहीं, कर्मचारी खुद की आईडी पर जाकर आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर यह कार्य कर सकते हैं।

**मानसिंह डामर,** कोषाधिकारी धार

### भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती और चंचल पाटीदार के प्रथम नगर आगमन पर हुआ स्वागत

**हमारा स्वराज | धार**

प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रथम बार धार जिले में भाजपा ने दो जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। इसकी घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा की गई। इसमें धार भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती तथा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल




पाटीदार को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत दोनों जिला अध्यक्ष और अतिथियों ने भारतमाता और भाजपा के पितृपुरुष श्यामप्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर हुई । इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती और चंचल पाटीदार के साथ स्वागत समारोह को निवृतमान जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी विधायक नीना वर्मा और कालू सिंह ठाकुर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा पूर्व विधायक वेल सिंह भूरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा दिलीप पाटोदिया अशोक जैन जिला पदाधिकारी सौरभ शर्मा विश्वास पांडे जीवन रघुवंशी पवन कुशवाह संजय वैष्णव जगदीश जाट विवेक गौड़, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी सोशल मीडिया संयोजक सोनू रघुवंशी मंचासीन रहे।

### जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे कार्यक्रम

# 30169 हितग्राहियों को आज मिलेंगे भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख

**हमारा स्वराज | धार**

धार जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज 18 जनवरी को 325 ग्रामों के 30169 हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख प्राप्त होंगे। इस अभिलेख से उन्हें भूमि का अधिकार प्राप्त होगा। इससे वे वैधानिक रूप से भू स्वामी बन जायेंगे, उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी आसानी से मिलेगा, उन्हें कर्ज लेने में भी परेशानी नहीं होगी। भूस्वामी अभिलेख वितरण का कार्यक्रम जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर पर होगा। मुख्य कार्यक्रम 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत नवीन सभागृह धार में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित होगा।



स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले के 325 ग्रामों के 30169 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अधिकार अभिलेख का वितरण होगा। उक्त योजना के अंतर्गत सभी जिलों में पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत नवीन सभागृह धार में आयोजित होगा। ग्रामीण आबादी सर्वे की इस योजना को राज्य शासन द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है। योजनान्तर्गत ग्रामीण आबादी का जीआईएस प्रणाली द्वारा भू-माप का अधिकार अभिलेख तैयार किया जाना है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम 2020 के अन्तर्गत की जायेगी। भारत सरकार में ग्रामीण आबादी सर्वे हेतु स्वामित्व योजना प्रारंभ की है। इस योजना के क्रियान्वित होने से ग्रामीण सम्पत्ति का रिकार्ड तैयार होगा जिससे ग्राम पंचायतें तथा ग्रामीण आमजन लाभान्वित होगें। इस योजना का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र की आबादी का सर्वेक्षण तथा अधिकार अभिलेख तैयार किया जाकर संबंधित हितग्राही को उसके निवास स्थान का दस्तावेज प्रदान किया जायेगा। ग्राम पंचायत हेतु सम्पत्ति रजिस्टर तैयार होने से ग्राम पंचायत की स्थाई आय की व्यवस्था होगी। प्रत्येक सम्पत्ति धारक को सम्पत्ति का प्रमाण पत्र एवं भूमि स्वामित्व प्राप्त होगा एवं सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र प्राप्त होने से मकान पर बैंक से कर्जा लेना आसान होगा। उक्त योजना में सर्वे कर केवल उन सम्पत्ति धारको का अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा, जो मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 (यथा संशोधित 2018) के लागू होने की दिनांक 28 सितम्बर 2018 को आबादी भूमि पर अधिभोगी थे अथवा उन्हें इस दिनांक के पश्चात विधिपूर्वक आबादी भूमि में भू-खण्ड का आवंटन किया गया। 18 जनवरी 2025 को आयोजित स्वामित्व योजना के कार्यक्रम में प्रधानमंत्रीजी द्वारा जिले के हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किया जाएगा।

## 32 खिलाड़ियों को दिए गए अर्जुन अवॉर्ड

# मनु भाकर समेत 4 खिलाड़ियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने दिया खेल रत्न

**हमारा स्वराज | नई दिल्ली**

शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय खेल जगत के सितारों को खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति ने निशानेबाज मनु भाकर, चेस चैंपियन डी गुकेश को ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया। वहीं इसके अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को भी खेल के क्षेत्र में उनके अहम योगदान को इसी अवॉर्ड से नवाजा।

राष्ट्रपति ने इसी कड़ी में 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कर से भी सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रपति मुर्मू ने अर्जुन पुरस्कार, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी के विजेताओं को भी सम्मानित किया। वहीं अर्जुन अवॉर्ड पाने वाले खिलाड़ियों में भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर भी शामिल हैं, जिन्हें 1972 पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में गोल्ड मेडल मिला था। बता दें कि, मनु भाकर ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचा था। 10 मीटर एयर पिस्टल विमेंस और 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में ब्रान्ज जीता था। वह ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। जबकि 18 वर्षीय डी गुकेश ने पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बनने का कारनामा किया।



### पिछले साल 26 खिलाडियों को मिला था अर्जुन पुरस्कार

पिछले साल क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार मिला था। जबकि 5 कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला था। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था।

### राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड

भारत में खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें खिलाड़ियों, कोचों या संगठनों को उनकी उपलब्धियों और भारतीय खेलों के विकास में योगदान के लिए छह अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार में छह पुरस्कार शामिल हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी (जिसे माका ट्रॉफी भी कहा जाता है) और राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन। इनके अलावा, ध्यानचंद पुरस्कार के नाम से एक और लाइफ टाइम अवॉर्ड दिया जाता है। यह पुरस्कार खेल के विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाता है। इस बार इस कैटेगरी में किसी को भी यह पुरस्कार नहीं दिया गया। 2004 से छह राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के साथ तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार भी दिया जा रहा है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रोहित शर्मा ने की प्रैक्टिस



**टीम** इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा बीजीटी गंवाने के बाद से जमकर पसीना बहा रहे हैं। लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म चलने के बाद रोहित चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह फ्लॉप हुए थे उस दौरान उन्होंने तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाए थे। रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए अभ्यास का वीडियो शेयर किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रोहित शर्मा व्हाइट बॉल से अभ्यास कर रहे हैं। नेट्स के अंदर रोहित अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। प्रैक्टिस में रोहित ने कुछ काफी अच्छे शॉट्स खेले, उन्होंने जमीनी शॉट्स खेले और कुछ हवाई फायर भी किए। टेस्ट में फ्लॉप होने वाले रोहित वनडे क्रिकेट में अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने आखिरी वनडे सीरीज श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में खेली थी। तीन मैचों की सीरीज में भारतीय कप्तान ने 58, 64 और 35 रन बनाए थे। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी, लेकिन उससे पहले भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी। सीरीज में 5 टी20 और 3 वनडे मैच होंगे। टी20 इंटरनेशनल से तो रोहित शर्मा रिटायर हो चुके हैं।

## रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बीच सबकुछ नहीं ठीक? इस्तीफा देंगे टीम इंडिया के हेड कोच

**पिछले** कई दिनों से भारतीय क्रिकेट टीम के अंदर कलह की खबरें जोर पकड़ रही हैं। कभी खिलाड़ियों के बीच आपसी मतभेद तो कभी हेड कोच गौतम गंभीर और खिलाड़ियों के बीच तालमेल ना बैठने की खबरें, अपने चरम पर हैं। वहीं राहुल द्रविड़ के बाद गौतम गंभीर को जब टीम इंडिया का हेड कोच बनाया गया तब मानो लगा भारतीय टीम नई ऊंचाइयां छुएगी लेकिन हुआ इसके बिल्कुल उलट। श्रीलंका, न्यूजीलैंड और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथ भारत को करारी हार झेलनी पड़ी। या यूं कहे कि गौतम गंभीर के हेड कोच बनते ही टीम इंडिया डाउनफॉल शुरू हो गया। गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके अलावा कोच और कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने की भी खबरें हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बीच सब कुछ ठीक नहीं था। दावा किया गया है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी गौतम गंभीर के सख्त रवैये से नाखुश हैं।

## व्यापार

### शाकाहारी खाना ऑर्डर करने पर लगाया अतिरिक्त शुल्क

# जोमैटो के सीईओ दीपेंद्र गोयल को मांगनी पड़ी माफी

**हमारा स्वराज | नई दिल्ली**



जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल को अपनी कंपनी के कारण माफी मांगनी पड़ी है। दीपिंदर गोयल ने शाकाहारी भोजन के ऑर्डर पर लिए जा रहे अतिरिक्त शुल्क के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अतिरिक्त शुल्क लेने की जानकारी लिंक्डइन पर एक पोस्ट में दी गई है। लिंक्डइन पर एक उपयोगकर्ता द्वारा शाकाहारी डिलीवरी के लिए अधिक भुगतान करने की शिकायत के बाद, यह समस्या प्रकाश में आई। समस्या को तुरंत स्वीकार करते हुए गोयल ने वादा किया कि अतिरिक्त शुल्क तुरंत माफ कर दिया जाएगा। वह रूट टू मार्केट के ई-कॉमर्स के सहायक उपाध्यक्ष रोहित रंजन के पोस्ट का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने मूल रूप से लिंक्डइन पोस्ट में इस मुद्दे का उल्लेख किया था। 'भारत में इन दिनों शाकाहारी होना अभिशाप जैसा लगता है। ज़ोमैटो के नवीनतम मास्टरस्ट्रोक-शाकाहारी बेड़े के लिए 'अतिरिक्त शुल्क' की शुरूआत-ने आधिकारिक तौर पर हमें प्रीमियम सदस्यता योजना में बदल दिया है। तो, साथी शाकाहारी, तैयार हो जाओ! हम 'हरे और स्वस्थ' से 'हरे और महंगे' हो गए हैं। धन्यवाद, ज़ोमैटो, एक बार फिर साबित करने के लिए कि शाकाहारी होना अब एक लक्जरी टैक्स है,' रंजन ने लिखा। इस पोस्ट ने ज़ोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल का ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने तुरंत माफी मांगी। ज़ोमैटो के सीईओ ने लिखा, 'यह हमारी ओर से बिल्कुल मूर्खतापूर्ण है। मुझे इसके लिए बहुत खेद है। यह आरोप आज ही हटा दिया जाएगा। टीम में जो भी सुधार करने की ज़रूरत है, उसे ठीक किया जाएगा ताकि ऐसी गलती दोबारा न हो।' त्वरित उत्तर पाकर, रोहित रंजन ने कहा, 'एक बार फिर आगे आने और हमें बचाने के लिए धन्यवाद! इस यात्रा के दौरान मुझे जो बात सबसे ज्यादा आश्चर्यचकित कर गई, वह यह थी कि आपने इस विचार को विचार के चरण से लेकर क्रियान्वयन तक सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया और साथ ही वरिष्ठ हितधारकों की मंजूरी भी हासिल की।' हालांकि, लिंक्डइन पर इस बातचीत ने कई दिलचस्प टिप्पणियां कीं, जिसमें कई उपयोगकर्ताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं लिखीं। एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, 'ज़ोमैटो में किसी को बहुत बुरा लगा।' एक अन्य उपयोगकर्ता ने लिखा, 'ऐसा लगता है कि ज़ोमैटो 'किसी' से हर चीज़ पर कर लगाना सीख रहा है।'

# 687 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की 'रिफॉर्मिंग' को मंजूरी

**हमारा स्वराज | नई दिल्ली**



दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल सेवाओं के लिए 687 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की 'रिफार्मिंग' को मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गठित सचिवों की समिति के अध्ययन के आधार पर अन्य कदम उठाए जाएंगे। उद्योग संगठन सीओएआई के एक कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि मोबाइल सेवाओं को 2030 तक 2,000 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की आवश्यकता होगी और कैबिनेट के फैसले से रेडियो तरंगों की कुल मात्रा 1,587 मेगाहट्र्ज हो जाएगी। डिजिकॉम शिखर सम्मेलन 2025 में सिंधिया ने कहा, '' कल मंत्रिमंडल ने 687 मेगाहट्र्ज की 'रिफार्मिंग' को मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि यह हमें 900 मेगाहट्र्ज से 1,587 मेगाहट्र्ज तक ले जाएगा। 320 (मेगाहट्र्ज) तुरंत जारी किया जाएगा, कुछ अगले साल के अंत तक और कुछ 2028-29 के अंत तक जो हमें 2030 के लिए तैयार करेगा।'' उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उद्योग की आवश्यकताएं पूरी हों और देश के डिजिटल दूरसंचार परिदृश्य में कोई बाधा न आए। सिंधिया ने कहा, '' इसके बाद भी करीब 300 मेगाहट्र्ज का अंतर रह जाता है। मांग अभी खत्म नहीं हुई है। सचिवों की समिति इसके दूसरे दौर पर काम कर रही है। रिपोर्ट इस साल के मध्य तक आ जाएगी। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि भारत में डिजिटल दूरसंचार परिदृश्य के विकास में बाधा न आए।

# रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 86.58 प्रति डॉलर पर

**हमारा स्वराज | नई दिल्ली**



अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.80 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81.61 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,341.95 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# नकदी संकट का सामना कर रहा है केरल: राज्यपाल



**तिरुवनंतपुरम**। केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि केंद्रीय राजकोषीय हस्तांतरण में हिस्सेदारी घटने के कारण राज्य को नकदी संकट का सामना करना पड़ रहा है। आर्लेकर ने वामपंथी सरकार की नीति को पढ़ने के साथ विधानसभा के बजट सत्र की शुक्रवार शुरुआत की। केरल की 15वीं विधानसभा के 13वें सत्र के आरंभ के अवसर पर अपने नीतिगत संबोधन में आर्लेकर ने कहा कि राजस्व जुटाने और व्यय को युक्तिसंगत बनाने के लिए ''कड़े कदम'' उठाने के बावजूद राज्य ''सरकारी वित्त पर दबाव का सामना कर रहा है।'' राज्य सरकार द्वारा तैयार नीतिगत संबोधन को पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि इसका कारण ''राजस्व घाटा अनुदान में कमी और माल एंव सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति की समाप्ति'' है। आर्लेकर ने कहा कि राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग को विस्तृत ज्ञापन में अपनी समस्याओं और सुधारात्मक उपायों पर भी प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा,'' सरकार आपदा प्रतिरोधी केरल के निर्माण के लिए पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है।'' राज्यपाल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मत्स्य पालन व बुनियादी ढांचे जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार की उपलब्धियों और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## सिंधिया से मिले जिला अध्यक्ष



अशोकनगर। भाजपा अशोकनगर के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने दिल्ली में गुना लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की।

पुलिस ने बरामद की पूरी रकम

# पिता के 2 लाख लेकर भागा युवक, मुगलसराय में पकड़ा

**हमारा स्वराज | अशोकनगर**

सुभाषगंज में एक व्यापारी के बेटे ने घर से 2 लाख रुपए लेकर फरार होने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से वह बच नहीं पाया। शुक्रवार दोपहर को व्यापारी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा घर से भारी रकम लेकर भाग गया है और इस पैसे को फजूल खर्चों में उड़ा सकता है। कोतवाली के सब इंस्पेक्टर आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। आसपास के सभी थानों को सूचना दी गई और विशेष रूप से मुगलसराय थाने को अलर्ट किया गया। पुलिस की सतर्कता का नतीजा यह रहा कि मुगलसराय पुलिस ने युवक की पहचान कर उसे पकड़ लिया। युवक के पास से चोरी की पूरी रकम भी बरामद कर ली गई। यह घटना पुलिस की कार्यकुशलता का उदाहरण है, जिन्होंने अंतर-जिला समन्वय के जरिए अपराध को रोकने में सफलता हासिल की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल अपराध को रोका गया, परिवार की मेहनत की कमाई भी सुरक्षित रही।

# ट्रक हादसे में तीन लोगों की जान बचाने में आईटीबीपी के जवान बने देवदूत

**हमारा स्वराज | शिवपुरी**





शिवपुरी शहर में लुधावली बाईपास के पास एक ट्रक के मकान पर पलट जाने से मकान में रहने वाले एक महिला सहित उनकी बेटी की मौत हो गई। जबकि तीन लोगों को बचाने में आईटीबीपी के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईटीबीपी के इन जवानों ने उपसेनानी भूपेंद्र सिंह गुसांई के नेतृत्व में यहां पर आनन-फानन में रेस्क्यू अभियान चलाकर इस मकान में दबे तीन लोगों को बाहर निकाला और तुरंत मेडिकल सहायता दिलाने में मदद की।

इस हादसे में तुरंत मदद दिलाने के पीछे कारण यह रहा की जब यह हादसा आईटीबीपी केंद्र के नजदीक हुआ तो सूचना मिलते ही आईटीबीपी के जवान उपसेनानी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर जुट गए और जहां पर ट्रक और मलवे के नीचे दबे तीन लोगों को बाहर निकाला। लुधावली बाईपास पर आइटीबीपी केंद्र के फेमिली गेट के पास तेज रफतार ट्रक लुधावली गांव में सडक पर मोड होने के कारण एक घर पर पलट गया। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही आइटीबीपी जवान डीआईजी आइटीबीपी महेश कलावत दूरसंचार वाहिनी के निर्देशन पर भूपेंद्र सिंह गुसांई उप सेनानी/जीडी के नेतृत्व में एक टीम को फौरन घटनास्थल पर रवाना किया गया। इस दौरान राजनाथ सिंह सुबेदार मेजर एवं उनकी टीम के द्वारा स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर मलबे के नीचे दबी एक महिला एवं छोटी बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आइटीबीपी के पदाधिकारियों द्वारा त्वरित कार्यवाही की लोगों द्वारा प्रशंसा की गई।

# मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन कर निकाली 500 ग्राम की गांठ

**हमारा स्वराज | शिवपुरी**



श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी में पहली बार गले में थायराइड की गांठ होने पर थायराइड ग्रंथि को अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस द्वारा ऑपरेशन कर निकाला गया। मरीज के गले में थायराइड गांठ लगभग 500 ग्राम की बताई जा रही है। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने गांठ को बायोप्सी जांच के लिए मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग की लैब में भेजा है। ईएनटी विभाग की डॉक्टर मेघा प्रभाकर ने बताया कि पिछले महीने मेडिकल कॉलेज में दिखाने आईं ग्राम नाहरई करैरा निवासी की एक महिला पिछले 5-6 साल से गले में थायराइड ग्रंथि के रोग से पीड़ा में थी। मरीज ने बताया कि इसके लिए उसने अन्य शहरों के कई बार चक्कर काटे। सारी जांच के उपरांत हमने ऑपरेशन की सलाह दी। मरीज की थायराइड ग्रंथि के 10 बाई 6 बाई 3 सेंटीमीटर की गांठ थी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में शुक्रवार को ऑपरेशन के दौरान अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस के साथ एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल, ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र त्रिपाठी की टीम डॉक्टर मेघा प्रभाकर, डॉक्टर मीनाक्षी गर्ग सहित ओटी इंचार्ज प्रियंका शुक्ला की टीम ने ऑपरेशन में सहयोग किया। मरीज को ऑब्जरवेशन के लिए रखा गया है, इस दौरान अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस का कहना था कि जब ईएनटी विभाग द्वारा मुझे थायराइड ग्रंथि गठान के बारे में बताया तो मैंने स्वयं ऑपरेशन करने को कहा और आज ऑपरेशन किया। ऑपरेशन पूर्ण रूप से सफल रहा और मरीज की आवाज व श्वास नली में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं पाई गई।

## अंचल की समाज ने मुनि पुंगव से की आने की प्रार्थना

# पंच कल्याणक के लिए मुनिश्री को भेंट किए श्रीफल

**हमारा स्वराज | अशोकनगर**



जिला मुख्यालय से चौंतीस किलोमीटर दूर निश्कधाम बंगला चौराहा में श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं विश्वशांति महायज्ञ की प्रार्थना लेकर अंचल की जैन समाज आज सुबह सागर में विराजमान निर्यापक श्रमणमुनि पुंगवश्री सुधासागर महाराज के चरणों में पहुंची।

संरक्षक देवेन्द्र सिंघ ई मुन्ना मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा जैन समाज अध्यक्ष बाबूलाल जैन मनोज जैन लल्ला के नेतृत्व में पहुंच कर श्री फल भेंट किए और पंच कल्याणक महोत्सव के लिए सान्निध्य प्रदान करने का निवेदन किया इस दौरान सपनेश जैन मुन्ना जैन दिनेश कुमार महेन्द्र मोदी टिकू सरपंच प्रदीपकठरयाविकास जैन सुखलाल पदम जैन अंकुश जैन पवन कुमार सन्तोष जैन श्रीलालजैन मन्नू जैन सार्थक जैन आयुष जैन नमन अशोक जैन सहित महिला मंडल बालिका मंडल के साथ ही युवा वर्ग ने श्री फल भेंट किए। इस दौरान मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि अपनी जड़ बुद्धि है, कोई बात नहीं, अभ्यास करते रहो, एक दिन उस जड़ बुद्धि में भी कुछ न कुछ समझ में आएगा। हारो मत, थको मत, प्रयास करते रहो। पढ़ने से हमें याद नहीं हुआ कोई बात नहीं एक अक्षर तो याद हुआ उसकी खुशी मनाओ धीरे-धीरे ही सही एक दिन यही ज्ञान आपको सिद्ध शिला की ओर ले जायेगा इसलिये निराश नहीं होना सतत् प्रयास करते रहना है। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव आपके दिशा निर्देश में बंग्ला चौराहा पर भव्य मंदिर का निर्माण पुर्णता की ओर है और पूरे अंचल की आश लगीं हैं कि आपके चरण अशोक नगर जिले में पड़े तो बंग्ला चौराहा की प्रतिष्ठा भी हो जाए यही आग्रह लेकर हम सभी जन भक्तों के साथ आये है। इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि अभी से कुछ कह नहीं सकते देखो कब क्या हो आशीर्वाद है मन्दिर तो अच्छा वन गया आगे भी सब अच्छा ही अच्छा होगा। योग चंचलता का नाम है और उस चंचलता को रोकने का नाम गुप्ति है, दोनों बिल्कुल विपरीत है। किसी वस्तु से अपने स्वार्थ के लिए, स्वार्थ में भी संसार बढ़ाने के लिए जो राग किया जाता है वह राग है, चाहे वह भोजन पानी, माँ बाप ही क्यों न हो? पंचेन्द्रियों के विषयों की पुष्टि के लिए जो भी किया जाता है वो सब राग की कोटि में आता है और जो जो परमार्थ की दृष्टि से किया जाता है कि इस वस्तु के मिल जाने से मेरा कल्याण हो जाएगा तो वह वीतरागता का कारण बन जाता है।

## सड़क दुर्घटना रोकने जागरूकता अभियान

# गांधी पार्क पर एलईडी लगाकर दी दुर्घटना रोकने की जानकारी




**हमारा स्वराज | अशोकनगर**

अशोकनगर के गांधी पार्क पर शुक्रवार की रात को यातायात पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक किया। साथ ही जागरूकता रथ के बैनर पोस्टर भी लगाए गए। प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को यातायात पुलिस ने बताया कि किस प्रकार से लोग लापरवाही पूर्वक अपने वाहनों को चलाते हैं और जिससे हादसे का शिकार हो जाते हैं। वीडियो के माध्यम से बताया गया कि लोग वाहनों को शराब पीकर चलाते हैं जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। साथ ही दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारियां बैठाने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने के कारण लोग हादसे के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से यातायात नियमों का पालन करके अपनी यात्रा कर सकते हैं। इस मौके पर यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, सूबेदार अजीत सिंह सहित यातायात टीम मौजूद रही। यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर ने बताया कि लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं। इन हादसों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु एक महीने तक सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। हर दिन भीड़भाड़ वाले इलाके में लोगों को इसी प्रकार से यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# आरक्षक ने गाया भजन सोशल मीडिया पर वायरल

**हमारा स्वराज | अशोकनगर**



अशोकनगर के पुलिस विभाग के एक आरक्षक ने एक मनमोहक शिव भजन गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उसने यह भजन कुछ दिनों पहले चंदेरी में गया था। आरक्षक ड्यूटी पर गया हुआ था इसी दौरान ड्यूटी समाप्त होने के बाद शहजादी के रोज में घूमने के लिए गया हुआ था वहीं पर भजन गया। भजन गाने वाले आरक्षक का नाम दीपेंद्र वशिष्ठ है जो मूल रूप से गुना का रहने वाला है 7 वर्षों से अशोकनगर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ है। शुक्रवार को यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहू प्रसारित हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद आरक्षक की हर कोई तारीफ कर रहा है। आरक्षक की सुरीली आवाज का यह वीडियो खूब सुरखियां बटोर रहा है।

## संयुक्त कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस दिया

# राजस्व महाअभियान में सिजावट की पटवारी अनुपस्थित मिलीं



**हमारा स्वराज | अशोकनगर**

जिले में राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। प्रत्येक पंचायत में किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर लगाए गए इन शिविरों का निरीक्षण करने के लिए संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन पहुंचीं।

सिजावट पंचायत में निरीक्षण करने पहुंची तो वहां पर पटवारी वंदना रघुवंशी अनुपस्थित मिलीं, जिन्हें कारण बताओं नोटिस दिया गया है। इसके बाद दियाधरी में राजस्व शिविर में पटवारी अनिल रघवुंशी द्वारा किये जा रहे आरओआर कार्य एवं फार्मर आईडी के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। शाढौरा तहसील के अमोदा व काछी बामोरा गांव में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान 100 प्रतिशत बटाकंन, 54 प्रतिशत फार्मर आईडी एवं आधार से आरओआर का कार्य हो चुका है। शासन के निर्देशानुसार राजस्व महा-अभियान 3.0 का आयोजन जिले में 26 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिले में राजस्व अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर तथा राजस्व शिविरों के माध्यम से लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। जिनमें नामांतरण, बंटवारा, आधार आरओआर खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, तथा प्रधानमंत्री किसान पोर्टल में ई-केवाईसी के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। मुख्य रूप से लंबित मामलों के कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

स्वामी वन टू वन मीडिया एंड कम्युनिकेशन के लिए मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, सांवेर रोड, जिला-इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 219, स्कीम नंबर-134, सेक्टर-बी, स्टार चौराहा के पास, जिला इंदौर (म.प्र.) 452010 से प्रकाशित । संपादक- मृदुल जैन* । आरएनआई नं. MPHIN/2016/66794, मो. 83570-89000, Email-hamara.swaraj@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार।